EditorsBreaking

ताज़ा समाचार और नवीनतम अपडेट

मध्यप्रदेश

रीयल हीरो नरोत्तम, लाइन में लगकर पूड़ी सब्जी ली

प्रकाशित तिथि: 25 Oct 2026





दतिया। पूर्व गृहमंत्री डा. नरोत्तम मिश्रा को भले ही उपचुनाव में भाजपा ने टिकिट नहीं दिया, लेकिन डा. नरोत्तम मिश्रा नारू आज भी दतिया की जनता के रीयल हीरो है, वह दतिया की जनता की सेवा के लिये प्राणप्रण से जुटे है और दतिया में भाजपा के हर कार्यक्रमों में भारी भीड़ जुटा लेते है। डा. मिश्रा को यूं ही भाजपा का संकटमोचक नहीं कहा जाता, हर बार वह पार्टी के लिये अग्रणी सेना नायक की भूमिका में रहते हैं।

रविवार को दतिया स्थित अपने माई कृपा निवास पर भाजपा कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ में वह घंटों साथ रहे और उनसे सुख दुख की बात की। हुआं यू कि आज दादा ने अपने माई कृपा दतिया निवास पर दशहरा मिलन समारोह आयोजित किया था। इस समारोह में अल्प सूचना पर ही एक हजार से 1500 कार्यकर्ता, मित्र

शुभचतिक आ जुटे। दतयिा मलिन समारोह में दादा यानी नरोत्तम मशि्रा ने भोजन प्रसादी की भी व्यवस्था रखी थी। भोजन प्रसादी में आलू की सब्जी, पूड़ी व बूंदी की व्यवस्था थी। दादा कार्यकर्ताओं का प्रेम और स्नेह के भाव देखकर इतने भाव वहिल हो गये कि उन्होंने भी बाकायदा कार्यकर्ताओं के साथ भोजन की लाइन में लगकर प्लेट में पूड़ी सब्जी खाई। आमतौर पर दो सादा रोटी खाने वाले दादा ने 16 पूड़ी खाई और जमकर चटकारे लयि।

कार्यकर्ताओं से भी वह उनके बीच में जाकर बोले माई कृपा पर बने इस भोजन में मानो अमृत मलिा है, तो मैंने भी आज छककर पूड़ी खाई। कार्यकर्ता भी दादा के भाव देखकर गदगद थे। दादा ने उनके लयि माई कृपा पर चाय काफी की अलग से व्यवस्था की थी।

टैग: #narottam mishra #bjp #datia news